रेल, ईंधन सोशल मीडिया से जुड़े बदलाव

आईआरसीटीसी ने नई टिकट बुकिंग वेबसाइट का बीटा संस्करण लॉन्च किया

नई दिल्ली, 17 जुलाई देश में रेल यात्रियों, ईंधन निर्यात और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं से जुड़ी तीन महत्वपूर्ण खबरें सामने आई हैं. भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए आईआरसीटीसी की नई टिकट बुकिंग वेबसाइट का बीटा संस्करण लॉन्च किया है.



वहीं केंद्र सरकार ने डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) पर निर्यात शुल्क बढ़ा दिया है, जबकि पेट्रोल पर शुल्क घटाया गया है. दूसरी ओर, इंस्टाग्राम पर फर्जी कॉपीराइट स्ट्राइक के जरिए कंटेंट क्रिएटर्स को निशाना बनाए जाने का मामला दिल्ली हाईकोर्ट पहुंच गया है. भारतीय रेलवे की ऑनलाइन टिकट बुकिंग सेवा को और बेहतर बनाने के लिए आईआरसीटीसी ने अपनी नई वेबसाइट का बीटा संस्करण शुरू कर दिया है. नई वेबसाइट में टिकट बुकिंग प्रक्रिया को पहले से अधिक तेज और सरल बनाने का दावा किया गया है. इसमें यात्रियों को एक ही स्क्रीन पर सभी श्रेणियों में उपलब्ध सीटों की जानकारी मिलेगी. इसके अलावा तेज भुगतान सुविधा, बेहतर सर्च विकल्प और कैप्चा से राहत जैसी सुविधाएं भी जोड़ी गई हैं. फिलहाल वेबसाइट का बीटा संस्करण जारी किया गया है और यात्रियों से मिलने वाले सुझावों के आधार पर इसमें आगे सुधार किए जाएंगे.

> सरकार के अनुसार, यह फैसला घरेलू बाजार में ईंधन की उपलब्धता बनाए रखने और आपूर्ति संतुलित रखने के उद्देश्य से लिया गया है. नई दरें 16 जुलाई से लागू हो चुकी हैं उधर, सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर कॉपीराइट प्रणाली के कथित दुरुपयोग का मामला भी चर्चा में है. आरोप है कि कुछ लोग पोस्ट संपादन (एडिट) सुविधा का इस्तेमाल कर अपनी पोस्ट की तारीख पीछे की दिखा रहे हैं और फिर मूल कंटेंट बनाने वाले क्रिएटर्स के खिलाफ फर्जी कॉपीराइट शिकायत दर्ज कर रहे हैं.

दूसरी ओर, केंद्र सरकार ने डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर लगने वाले शुल्क में बढ़ोतरी की है.

टेक महिंद्रा का मुनाफा बढ़कर 1,465 करोड़

मुंबई, 17 जुलाई सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टेक महिंद्रा को मुनाफा चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 28.4 प्रतिशत बढ़कर 1,465 करोड़ रुपये पर पहुंच गया. आलोच्य तिमाही में कंपनी का कुल राजस्व 17.7 फीसदी की वृद्धि के साथ 15,712 करोड़ रुपये रहा. परिचालन लाभ सालाना आधार पर 53.3 प्रतिशत बढ़ा और 2,264 करोड़ रुपये पर पहुंच गया.कंपनी ने बताया कि तिमाही के दौरान उसके कर्मचारियों की संख्या घटकर 30 जून 2026 को 1,46,760 रह गयी. तिमाही के अंत में कंपनी के पास 9,695 करोड़ रुपये की नकदी थी.टेक महिंद्रा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक मोहित जोशी ने कहा कि यह लगातार तीसरी तिमाही है जिसमें कंपनी ने एक अरब डॉलर से अधिक के अनुबंध हासिल किये.

ईपीएफ नियमों में बड़ा बदलाव

पीएफ खाते में 25 प्रतिशत राशि रखना अनिवार्य

नौकरी छूटने पर पूरी निकासी के लिए 12 माह का इंतजार

नई दिल्ली, 17 जुलाई. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने कर्मचारी भविष्य निधि योजना-1952 की जगह नई कर्मचारी भविष्य निधि योजना-2026 लागू करने का फैसला किया है. नई व्यवस्था के तहत पीएफ खाते से निकासी, न्यूनतम शेष राशि, नामित व्यक्ति को मिलने वाले लाभ और क्लेम निपटान से जुड़े कई महत्वपूर्ण नियमों में बदलाव किया गया है.

इन बदलावों का असर देश के करोड़ों ईपीएफ अंशधारकों पर पड़ेगा.नई कर्मचारी भविष्य निधि योजना-2026 के तहत पहली बार न्यूनतम शेष राशि का प्रावधान किया गया है. अब कर्मचारी आंशिक निकासी के दौरान अपने पीएफ खाते की पूरी राशि नहीं निकाल सकेंगे. नियमों के अनुसार कुल जमा राशि का कम से कम 25 प्रतिशत हिस्सा खाते में रखना अनिवार्य होगा. शेष 75 प्रतिशत राशि को पात्र सदस्य शेष राशि माना जाएगा, जिसे निर्धारित नियमों के अनुसार निकाला जा सकेगा. इस बदलाव का उद्देश्य कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति बचत को सुरक्षित रखना है.

नौकरी छूटने या नौकरी छोड़ने की स्थिति में भी निकासी के नियम सख्त किए गए हैं. पहले कर्मचारी दो महीने बेरोजगार रहने के बाद पूरा पीएफ निकाल सकते थे, लेकिन अब इसके लिए 12 महीने तक इंतजार करना होगा. वहीं कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) के तहत पूर्ण निकासी की प्रतीक्षा अवधि भी बढ़ाकर ×6 महीने कर दी गई है.

चीन का नया एआई मॉडल किमी के-3 लॉन्च

मॉडल में 2.8 ट्रिलियन पैरामीटर होने का दावा

10 लाख टोकन की कॉन्टेक्स्ट क्षमता दी गई

नई दिल्ली, 17 जुलाई. चीन की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी मूनशॉट एआई ने अपना नया एआई मॉडल किमी के-3 लॉन्च किया है. कंपनी का दावा है कि यह दुनिया का पहला ऐसा ओपन मॉडल है जिसमें 2.8 ट्रिलियन पैरामीटर हैं.

यह मॉडल कोडिंग, रिसर्च, डेटा विश्लेषण और जटिल तर्क वाले कामों को तेजी से पूरा करने में सक्षम बताया जा रहा है. मूनशॉट एआई के अनुसार, इसमें इंसानों जैसी देखने और समझने की क्षमता भी दी गई है. किमी के-3 को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा इसके विशाल आकार और क्षमता को लेकर हो रही है. एआई मॉडल में पैरामीटर को उसकी सीख और अनुभव की क्षमता के रूप में समझा जाता है. जितने ज्यादा पैरामीटर होते हैं, मॉडल उतनी ही जटिल जानकारियों को समझने और उनका विश्लेषण करने में सक्षम माना जाता है. मूनशॉट एआई के अनुसार, किमी के-3 में 2.8 ट्रिलियन पैरामीटर हैं, जो इसे लगभग 3 ट्रिलियन श्रेणी का मॉडल बनाते हैं. एआई क्षेत्र में इतने बड़े मॉडल अब तक कुछ चुनिंदा कंपनियों के पास ही रहे हैं. कंपनी का दावा है कि यह मॉडल बड़े और मुश्किल सवालों को समझने तथा उनका समाधान निकालने में बेहतर प्रदर्शन कर सकता है. इस मॉडल में 10 लाख टोकन की कॉन्टेक्स्ट क्षमता दी गई है.

> मूनशॉट एआई के अनुसार, किमी के-3 तीन प्रमुख क्षेत्रों में उपयोगी होगा. पहला है लंबी अवधि वाली कोडिंग, जिसमें यह बड़े सॉफ्टवेयर प्रोजेक्ट के कोड लिखने और गलतियां सुधारने में मदद कर सकता है. दूसरा है ज्ञान आधारित काम, जिसमें रिसर्च रिपोर्ट तैयार करना, दस्तावेजों का विश्लेषण करना और जटिल जानकारी को समझना शामिल है. तीसरा है रीजनिंग यानी तर्क क्षमता, जिसके जरिए यह समस्याओं का विश्लेषण कर बेहतर जवाब देने का प्रयास करेगा. हालांकि कंपनी ने यह भी माना है कि किमी के-3 का प्रदर्शन अमेरिका के कुछ नवीनतम एआई मॉडल की तुलना में पीछे है.

यूपीआई पेमेंट पर लग सकता है शुल्क

यूपीआई भुगतान पर एमडीआर लागू करने पर विचार

आम ग्राहकों और छोटे व्यापारियों को मिल सकती है राहत

नई दिल्ली, 17 जुलाई. देश में डिजिटल भुगतान का सबसे लोकप्रिय माध्यम बन चुके यूपीआई के जरिए भुगतान करना भविष्य में महंगा हो सकता है. केंद्र सरकार एक बार फिर यूपीआई लेनदेन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू करने की संभावना पर विचार कर रही है.

हालांकि प्रस्ताव के अनुसार इसका असर आम उपभोक्ताओं या छोटे दुकानदारों पर नहीं पड़ेगा. चर्चा है कि यह शुल्क केवल बड़े कारोबारियों और दो

हजार रुपये से अधिक के यूपीआई भुगतान पर लागू किया जा सकता है. फिलहाल सरकार ने इस संबंध में कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया है.

मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) वह शुल्क होता है, जिसे डिजिटल भुगतान स्वीकार करने पर व्यापारी अपने बैंक या भुगतान सेवा प्रदाता को देता है. इस राशि का उपयोग भुगतान प्रक्रिया, नेटवर्क के संचालन और लेनदेन के निपटान से जुड़ी लागत को पूरा करने के लिए किया जाता है. वर्तमान में यूपीआई और रुपे कार्ड के माध्यम से किए जाने वाले भुगतान पर एमडीआर नहीं लिया जाता है.

> गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने जनवरी 2020 में यूपीआई और रुपे आधारित भुगतान पर एमडीआर को पूरी तरह समाप्त कर दिया था. इसका उद्देश्य देश में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना और नकद लेनदेन पर निर्भरता कम करना था. इसके बाद यूपीआई का उपयोग तेजी से बढ़ा और यह देश का सबसे लोकप्रिय भुगतान माध्यम बन गया. बैंकों और डिजिटल भुगतान कंपनियों का कहना है कि बिना किसी शुल्क के लगातार बढ़ते डिजिटल लेनदेन को संचालित करना आर्थिक रूप से चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है.

कैलिबर माइनिंग का 450 करोड़ रुपए का आईपीओ खुला

मुंबई, 17 जुलाई. कैलिबर माइनिंग एंड लॉजिस्टिक्स लिमिटेड का 450 करोड़ का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम शुक्रवार से निवेशकों के लिए खुल गया. कंपनी के शेयर ग्रे मार्केट में 102 रु. के प्रीमियम पर कारोबार कर रहे हैं, जिससे बाजार में अच्छी सूचीबद्धता की उम्मीद जताई जा रही है. कैलिबर माइनिंग एंड लॉजिस्टिक्स का आईपीओ 17 जुलाई से खुलकर 21 जुलाई तक निवेश के लिए उपलब्ध रहेगा. यह 450 करोड़ का बुक-बिल्ट इश्यू है, जिसमें 400 करोड़ के नए शेयर जारी किए जा रहे हैं, जबकि 50 करोड़ रुपये के शेयर ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के तहत बेचे जाएंगे. कंपनी ने आईपीओ के लिए 402 रुपये से 424 प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है. खुदरा निवेशकों के लिए न्यूनतम 35 शेयरों का एक लॉट निर्धारित किया गया है. ऊपरी मूल्य दायरे के अनुसार एक लॉट के लिए 14,840रु. का निवेश करना होगा.

यूरी फेडकिव बने मुंबई में नए अमेरिकी कॉन्सल जनरल

मुंबई, 17 जुलाई यूरी आर. फेडकिव ने भारत के मुंबई स्थित नए अमेरिकी कॉन्सल जनरल (सीजी) के रूप में अपना पदभार संभाल लिया है. उन्होंने 7 जुलाई 2026 को यह जिम्मेदारी ग्रहण की.

मुंबई आने से पहले फेडकिव ने स्विट्जरलैंड के बर्न में अमेरिकी मिशन में राजनीतिक-आर्थिक मामलों के काउंसलर और लंबे समय तक कार्यवाहक डिप्टी चीफ ऑफ मिशन के रूप में सेवाएं दीं. इस भूमिका के दौरान उन्होंने स्विस परिसंघ और लिकटेंस्टीन की रियासत के साथ अमेरिका के संबंधों से जुड़े महत्वपूर्ण मामलों को संभाला.

फेडकिव के पास अंतरराष्ट्रीय कूटनीति का लंबा अनुभव है और वे इससे पहले कई देशों में अमेरिकी दूतावासों में विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं.

उनकी पिछली राजनयिक नियुक्तियों में यूक्रेन, पोलैंड, इराक, स्लोवेनिया और जापान स्थित अमेरिकी दूतावास शामिल हैं. इन देशों में उन्होंने राजनीतिक, आर्थिक, वाणिज्यिक, राजनीतिक-सैन्य, सहायता, कानून प्रवर्तन, परमाणु अप्रसार और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से जुड़े मुद्दों पर काम किया.

मुंबई में कॉन्सल जनरल के रूप में फेडकिव भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने, व्यापारिक सहयोग बढ़ाने और दोनों देशों के बीच लोगों के बीच संपर्क को आगे बढ़ाने की दिशा में काम करेंगे. उनके अनुभव को देखते हुए इस नई जिम्मेदारी को भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते रणनीतिक सहयोग के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है.

एनएसई शुरू करेगा निफ्टी एफपीआई इंडेक्स डेरिवेटिव्स

मुंबई, 17 जुलाई. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) को निफ्टी इंडिया एफपीआई 150 इंडेक्स (निफ्टीएफपीआई) पर डेरिवेटिव्स शुरू करने के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (सेबी) से मंजूरी मिल गई है।

एनएसई की योजना 12 अगस्त, 2026 से इक्विटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट में इन कॉन्ट्रैक्ट्स की शुरुआत करने की है। इसमें लगातार तीन महीने की अवधि वाले इंडेक्स फ्यूचर्स और इंडेक्स ऑप्शंस कॉन्ट्रैक्ट्स उपलब्ध होंगे। इनका सेटलमेंट नकद (कैश) में होगा और हर महीने के आखिरी मंगलवार को इनकी एक्सपायरी होगी। निफ्टी इंडिया एफपीआई 150 इंडेक्स को इस तरह तैयार किया गया है कि यह निफ्टी 500 में शामिल उन 150 बड़ी कंपनियों के प्रदर्शन को दर्शाए, जिनमें विदेशी निवेशकों के लिए निवेश करना आसान हो। इन कंपनियों का चयन पिछले छह महीनों के औसत फॉरेन इन्वेस्टिबल फ्री-फ्लोट मार्केट कैपिटलाइजेशन के आधार पर किया जाता है। इसमें उन्हीं कंपनियों को जगह मिलती है, जिनके शेयर्स में अच्छी खरीद-बिक्री होती है और जिनमें निवेश के लिए पर्याप्त शेयर उपलब्ध रहते हैं। इंडेक्स में हर कंपनी की हिस्सेदारी उसके फॉरेन इन्वेस्टिबल फ्री-फ्लोट मार्केट कैपिटलाइजेशन के आधार पर तय की जाती है।

यूरोपीय संघ ने चीन के चावल के आटे की खेप लौटाई

नई दिल्ली, 17 जुलाई यूरोपीय संघ ने चीन से आयात किए गए चावल के आटे की एक खेप को जेनेटिक रूप से संशोधित जीव के अंश मिलने के बाद अस्वीकार कर वापस लौटा दिया है. यह मामला इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि चीन पहले इसी तरह के कारणों का हवाला देकर भारतीय चावल की कई खेपों को स्वीकार करने से इनकार करता रहा है. यूरोपीय संघ की इस कार्रवाई को चीन के खाद्य निर्यात के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है.

भारतीय शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी

मुंबई, 17 जुलाई विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को तेजी रही और बीएसई का सेंसेक्स 965 अंक की बढ़त में बंद हुआ.

पिछले कारोबारी दिवस के मुकाबले 184 अंक चढ़कर खुलने के बाद सेंसेक्स पूरे दिन हरे निशान में रहा. अंत में यह 964.58 अंक (1.25 प्रतिशत) की मजबूती के साथ 78,151.45 अंक पर बंद हुआ. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 261.55 अंक की तेजी के साथ 24,334.30 अंक पर पहुंच गया. पिछले कारोबारी दिवस पर दोनों सूचकांक सपाट रहे थे.एशिया और यूरोप में लगभग सभी प्रमुख सूचकांक लाल निशान में रहे और आईटी शेयरों में बिकवाली देखी गयी.

घरेलू स्तर पर प्रमुख सूचकांकों में जहां जबरदस्त तेजी रही, वहीं वृहत बाजार में बिकवाली का जोर रहा. निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.30 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.21 प्रतिशत लुढ़क गया.

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

इंडियन बैंक, आंचलिक कार्यालय, इन्दौर, एलआईसी ऑफ इंडिया बिल्डिंग, चौथी मंजिल, विंग-ए, विजय नगर, इन्दौर (म.प्र.) 452008

नीलामी सूचना

बिक्री के लिए कार, **इंडियन बैंक, आंचलिक कार्यालय, इन्दौर में जहाँ है जैसी है** कि स्थिती में **होंडा अमेज़ 1.2 एसएमटी कार। अंतिम तिथि: 27.07.2026।** अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **indianbank.bank.in/en/tender** देखें।

आंचलिक प्रबंधक, इंडियन बैंक

पश्चिम मध्य रेल

इंजीनियरिंग निर्माण शाखा
खुली निविदा, दिनांक 15.07.026

ई. निविदा कमांक डिप्टीसीईसीएच, क्यू-01/R उप-मुख्य इंजीनियर (निर्माण) मुख्यालय पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा, ई-निविदा नोटिस कमांक डिप्टीसीईसीएच, क्यू-01/R के द्वारा आमंत्रित करते है। निविदाकर्ता अपनी मूल/संशोधित निविदा बंद होने के दिनांक एंव समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त निविदा में हस्तनिविदाएं स्वीकार्य नही होंगी तथा हस्त निविदाओ को उपेक्षित कर दिया जाएगा। निविदाए पूर्व उल्लेखित समय एवं दिनांक पर खोली जाएगी।, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : पश्चिम मध्य रेलवे की निर्माण परियोजनाओं के अंतर्गत 105 नग ट्रैक आधारित रेल गेज फेस लुब्रिकेटर (इलेक्ट्रॉनिक प्रकार की आपूर्ति, स्थापना और कमिशनिंग के संबंध में।, **निविदा का सुनमानित मूल्य** : रु. 10,92,57,325.20, **बयाना राशि (रुपयें मे):** रु. 6,96,300.00, **कार्य समापन अवधि (माह)** : 60 माह मानसून सहित, **ई-निविदा बंद होने की और खुलने की तिथि एवं समय:** दिनांक 05/08/2026 को 15-00 बजे बंद एवं 15:00 बजे के बाद खोली जाएगी, निविदाकर्ता अपनी निविदाएं आई आर ई पी एस के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाइन निविदा करें।, निविदाकर्ताओ से अनुरोध है, कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रो हेतु IREPS की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मानदंड टेन्डर फार्म के अनुसार इस निविदा के लिए लागू होगा। **हस्ता.**

उप-मुख्य इंजीनियर (निर्माण) मुख्यालय पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

SMFG Grihashakti Nayi Asha. Naya Vishwas.

एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

कॉर्पोरेट कार्यालय: 503 और 504, 5वीं मंजिल, जी-ब्लॉक, ईसिप्रे बीकेसी, बीकेसी मेन रोड, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई), मुंबई - 400051
पंजीकृत कार्यालय: कॉमर्सोन आईटी पार्क, टॉवर बी, पहली मंजिल, नंबर 111, माउंट पूनमल्ली रोड, पोरुर, चेन्नई - 600116, टीएन

अचल संपत्ति के लिए कब्जे का नोटिस [(परिशिष्ट IV) नियम 8(1)]

चूँकि अधोहस्ताक्षरी, एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, एक हाउसिंग फाइनेंस कंपनी [राष्ट्रीय आवास बैंक (भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्ण स्वामित्व वाली) के साथ विधिवत पंजीकृत] (जिसे आगे "एसएमएचएफसी" कहा जाएगा) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अंतर्गत, और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत नीचे उल्लिखित दिनांकित मांग सूचना जारी करते हैं, जिसमें आपसे, उधारकताओं के रूप में, (नीचे उल्लिखित नाम) उक्त सूचना में उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज की राशि, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर चुकाने का आह्वान किया गया है। नीचे उल्लिखित उधारकताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने के कारण, नीचे उल्लिखित उधारकताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के तहत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ, नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से ऊपर उल्लिखित उधारकताओं और आम जनता को, एतद्द्वारा उक्त संपत्ति से लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन "एसएमएचएफसी" के प्रभार के अधीन होगा यहाँ उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज के लिए।

स. क्रं.	उधारकर्ता (एस)/ गारंटर (एस) का नाम लैन	सुरक्षित संपत्तियों का विवरण (अचल संपत्ति)	डिमांड नोटिस दिनांक और राशि	कब्जा की तिथि
1	लैन:- 614939511518944 1. सादिक शेख 2. शबनम शेख 3. मकतुम शेख	इस प्रॉपर्टी में एक घर शामिल है। यह घर ग्राम कसरावद, नगर परिषद कसरावद के वार्ड नंबर 02 में स्थित है (रिकॉर्डेड हाउस नंबर 2/22, गांवः कसरावद, तहसीलः कसरावद, जिलाः खरगोन, मध्य प्रदेश)। प्रॉपर्टी का कुल क्षेत्रफल 471.50 वर्ग फुट है। प्रॉपर्टी की सीमाएं इस प्रकार हैं - पूर्वः ग्राहक का घर; पश्चिमः इंदौर-खरगोन रोड; उत्तरः नगर पालिका की दुकान; दक्षिणः रशीद (पिताः मुस्तफा शेख) की दुकान।	13.04.2026 रू. 9,48,287.44 (नौ लाख अड़तालीस हजार दो सौ सत्तासी और चवालीस पैसे मात्र) ब्याज के साथ 09.04.2026 तक	16.07.2026

स्थान: खरगोन, मध्य प्रदेश
दिनांक: 16.07.2026

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड।

CENTRUM HOUSING FINANCE LIMITED
Group Company of **peoplehome**
A Subsidiary of Weaver Services Private Limited
All loans are processed and serviced by Centrum Housing Finance Limited ("CHFL")

रजिस्टर्ड ऑफिस :
यूनिट नंबर 301, तीसरी मंज़िल, हरभजन कमर्शियल प्रिमाइसेस को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, CST रोड, BPCL पेट्रोल पंप के सामने, कलिना, सांताक्रूज (पूर्व), मुंबई-400098.
CIN: U65922MH2016PLC273826

कब्जा नोटिस

(प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8(1) और नियम 8(2) के साथ पठित परिशिष्ट IV के अनुसार)

चूंकि, नीचे हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी, 'सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002' के तहत 'सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के अधिकृत अधिकारी हैं और 'सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002' के नियम 3 के साथ पढ़े जाने वाले सेक्शन 13(12) के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। कंपनी के अधिकृत अधिकारी ने नीचे बताए गए उधारकर्ता(ओं) / सह-उधारकर्ता(ओं) / गारंटर(ओं) को डिमांड नोटिस जारी किया था, जिसमें नोटिस में बताई गई बकाया राशि को कॉन्ट्रैक्ट के अनुसार ब्याज, पेनल्टी ब्याज, शुल्क, लागत आदि के साथ नोटिस मिलने की तारीख से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था। उधारकर्ता द्वारा राशि न चुका पाने के कारण, उधारकर्ता(ओं) / सह-उधारकर्ता(ओं) / गारंटर(ओं) और आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि नीचे हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी ने उक्त एक्ट के सेक्शन 13(4) और उक्त नियमों के नियम 8 के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए नीचे बताई गई प्रॉपर्टी का कब्जा ले लिया है। उधारकर्ता और आम जनता को खास तौर पर चेतावनी दी जाती है कि वे इस प्रॉपर्टी का कोई लेन-देन न करें; प्रॉपर्टी से जुड़ा कोई भी लेन-देन 'सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के उस चार्ज (दावे) के अधीन होगा जिसमें बकाया राशि के साथ-साथ कॉन्ट्रैक्ट के अनुसार ब्याज, पेनल्टी ब्याज, शुल्क, लागत आदि शामिल हैं। उधारकर्ता का ध्यान एक्ट के सेक्शन 13 के सब-सेक्शन (8) के प्रावधानों की ओर दिलाया जाता है, जो सुरक्षित एसेट्स (संपत्ति) को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के बारे में हैं।

स. क्रं.	ऋण खाता सं. उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता का नाम/	सुरक्षित संपत्तियों का विवरण (अचल संपत्ति)	मांग की तिथि नोटिस और कुल बकाया राशि (रु.)	कब्जा लेने की तिथि
1	UDRNM23013199 चंद्रपाल सिंह पुष्पा कुंवर	अचल संपत्ति के अधिकार और उसका हिस्सा, जिसका खसरा नंबर 1011, वार्ड नंबर 9, क्षेत्रफल 1155 वर्ग फुट, पीएच नं. 07, ग्राम-बावल नई, तहसील- जावद, जिला- नीमच -458330, मध्य प्रदेश है। सीमाएँ:- पूर्व : कालू सिंह का घर, पश्चिम : प्रहलाद सिंह, उत्तर : रास्ता, दक्षिण : भागदीराम खटीक।	29-नवंबर-25/ रू. 12,38,022/- (बारह लाख अड़तीस हजार बाईस मात्र)	14-07-2026

दिनांक : 18.07.2026, स्थान: मध्यप्रदेश
हस्ताक्षर/-, अधिकृत अधिकारी, सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की ओर से

Chola Enter a better life
चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड
कॉर्पोरेट कार्यालय: "चोला क्रेस्ट", सी54 और 55, सुपर बी-4, थिरु.वी.का औद्योगिक एस्टेट, गिंडी, चेन्नई - 600 032.

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी की सूचना

प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, नियम 9(1) सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के अंतर्गत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना। (नियम 8 एवं 9)

आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गिरवीदार को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां, जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी रखी गई हैं और जिनका सांकेतिक कब्जा चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उन्हें आगे चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के रूप में संदर्भित किया जाएगा। सुरक्षित संपत्तियों की बिक्री "जैसी है, जहां है", "जैसी है वैसी ही" और "जो कुछ भी उपलब्ध है" के आधार पर ई-नीलामी के माध्यम से की जाएगी।
आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइट https://bankauctions.in/ के माध्यम से सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं।

क्रमांक 1: ऋण खाता संख्या TL01IND00000051295 और TL01IND0000062651, उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता, बंधककर्ता का नामः 1. मैसर्स। अंकित ट्रेडर्स, (उधारकर्ता) वार्ड नंबर 11, पटवा कॉलोनी, धामनोद मेन रोड, तह धरमपुरी, धार, मध्य प्रदेश - 454 552. 2. श्री अंकित पाटीदार, (सह-उधारकर्ता) 3. श्रीमती कोमल पाटीदार, (सह-उधारकर्ता) नंबर 2 और 3 निवास स्थानः हाउस नंबर 153, वार्ड नंबर 11, ग्राम धामनोद, पटवा कॉलोनी, दहीवर रोड, आदिनाथ के पास जैन धर्मशाला, बिखरोन, तेह धरमपुरी, धार, मध्य प्रदेश - 454 552. बकाया राशिः रु. 5,54,30,426/- 03.07.2026 तक
अचल संपत्ति का विवरण: आइटम नंबर 1: सर्वे नंबर 423/1, पीएच नंबर 25, धामनोद, तहसील धर्मपुरी, जिला धार 454552, म.प्र. में स्थित संपत्ति का पूरा हिस्सा। जमीन का रकबा 0.007 हेक्टेयर (800 वर्ग फुट / 74.969 वर्ग मीटर)। सीमाएँ:- पूर्वः पाटीदार की जमीन, पश्चिमः सड़क, उत्तरः गणेश को बेचा गया बाकी हिस्सा, दक्षिणः रणछोड़ को बेचा गया बाकी हिस्सा। आइटम नंबर 2: सर्वे नंबर 423/7, पीएच नंबर 25, वार्ड नंबर 13, दहीवार मार्ग के अंदर कुशवाह कॉलोनी से पटवा कॉलोनी क्षेत्र, धामनोद, तहसील धर्मपुरी, जिला धार 454552, म.प्र. में स्थित संपत्ति का पूरा हिस्सा। जमीन का रकबा 0.002 हेक्टेयर (क्षेत्रफल 200 वर्ग फुट / 18.587 वर्ग मीटर), जो श्री रणछोड़ पाटीदार द्वारा अंकित पाटीदार को दिया गया। सुपर बिल्ट-अप एरिया 200 वर्ग फुट (18.587 वर्ग मीटर)। सीमाएँ:- पूर्वः राजेंद्रकुमार त्रिलोकचंद जैन HUF की जमीन, पश्चिमः सड़क, उत्तरः अंकित पाटीदार का घर, दक्षिणः रणछोड़ का घर।
आरक्षित मूल्य: 37,00,000/-, ईएमडी: 3,70,000/-, बोली वृद्धि राशि: 1,00,000/-
आइटम नंबर 3: पीएच नंबर 27, सर्वे नंबर 230/1/6, गाँव-धामनोद, तहसील-धर्मपुरी, ज़िला-धार (म.प्र.) की पूरी जमीन, कुल जमीन 0.203 हेक्टेयर। सीमाएँ:- पूर्वः सड़क, पश्चिमः अंबाराम और अन्य की जमीन, उत्तरः भगवान पाटीदार का बाकी हिस्सा, दक्षिणः बाकी हिस्सा।

क्रमांक 2: ऋण खाता संख्या TL01IND0000063994, उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता, बंधक रखने वालों के नामः 1. मेसर्स सोनू ट्रेडर्स, (उधारकर्ता), 2. श्रीमती गुरप्रीत, (सह-उधारकर्ता), 3. श्रीमती प्रीतपाल कौर, (सह-उधारकर्ता), 1 से 3 तक के पतेः नागेश्वर मार्ग, वार्ड नंबर 07, महेश्वर, खरगोन, मध्य प्रदेश - 451 224। 4. श्री परमजीत सिंह भाटिया, (सह-उधारकर्ता), नागेश्वर मार्ग, वार्ड नं.07, महेश्वर, खरगोन, म.प्र.- 451 224, बकाया राशिः रु